- ❖ स्वतंत्र भारत के पहले मंत्रिमंडल में डॉ. अम्बेडकर को विधि मंत्री बनाया गया। 1952 ई. में वे बम्बई से राज्यसभा सदस्य चुने गए।
- ❖ अम्बेडकर ने अपनी मृत्यु से कुछ समय पूर्व अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। 1956 में ही अम्बेडकर का निधन हो गया।

मौलाना अबुल कलाम आजाद-राष्ट्रीय आंदोलन

जीवन परिचय

जन्म	–	11 नवम्बर, 1888 को मक्का (सऊदी अरब) में हुआ।
पिता का नाम	–	मोहम्मद खैरुद्दीन (नृजातीय रूप से फारसी)
माता का नाम	–	आलिया
जीवन साथी	–	जुलैखा बैगम
शिक्षा	–	अल-अजहर विश्वविद्यालय, काहिरा।
मृत्यु	–	22 फरवरी, 1958 को दिल्ली में।
पुस्तकें	–	'India wins Freedom', 'गुबार-ए-खातिर', 'तर्जमान उल कुरान'।
समाचार पत्र	–	अल हिलाल, अल बिलाग, दी कॉमरेड।



अबुल कलाम आजाद

8 राजस्थान की प्राचीन संस्कृति एवं सभ्यता
[Ancient Culture & Civilization of Rajasthan]
कालीबंगा, आहड़, गणेश्वर बैराठ
[Kalibangan, Ahar, Ganeshwar, Bairath]

राजस्थान की यह मरुभूमि विभिन्न प्राचीन सभ्यताओं की जननी रही है। यहाँ पाषाणयुगीन एवं ताम्र पाषाण युगीन सभ्यताओं का उदय हुआ है, जिनमें कालीबंगा, आहड़, गणेश्वर, बैराठ, बागौर आदि प्रमुख हैं। ये सभ्यताएँ न केवल स्थानीय सभ्यता का प्रतिनिधित्व करती हैं अपितु अपनी चित्रकला, मृदभांड शिल्प एवं धातु तकनीकी कौशल के कारण प्राचीन विश्व की अन्य सभ्यताओं के भी संपर्क में थी। नए पाठ्यक्रमानुसार इस अध्याय में चार प्रमुख सभ्यताओं का वर्णन किया गया है।

अध्ययन बिन्दु

कालीबंगा सभ्यता	आहड़ सभ्यता	गणेश्वर	बैराठ सभ्यता
हनुमानगढ़	उदयपुर	सीकर	जयपुर

कालीबंगा सभ्यता

- कालीबंगा सैन्धव सभ्यता की **'तीसरी राजधानी'** मानी जाती है। राजस्थान के **हनुमानगढ़** जिले में अवस्थित यह सभ्यता आज से लगभग 6 हजार वर्ष पुरानी मानी जाती है।
- प्राचीन सरस्वती एंव दृषद्वती नदियों (वर्तमान घग्घर नदी क्षेत्र) के मध्य पल्लवित यह सभ्यता- पूर्व हड़प्पाकालीन, हड़प्पाकाल एवं उत्तर हड़प्पाकालीन सभ्यताओं का प्रतिनिधित्व करती है।
- कालीबंगा की खोज सर्वप्रथम 1952 ई. में **'अमलानन्द घोष'** द्वारा की गई तथा उत्खनन कार्य 1960-1969 ई. के मध्य **बी.बी. लाल, बी.के. थापर, एम.डी. खरे** एवं **के.एम. श्रीवास्तव** द्वारा करवाया गया।
- कालीबंगा के उत्खनन में हड़प्पाकालीन सांस्कृतिक युग के पाँच स्तर मिले हैं।
- कालीबंगा का शाब्दिक अर्थ- ''काले रंग की चूड़ियाँ'' है।
- कालीबंगा सभ्यता की सर्वप्रथम व्यवस्थित जानकारी इटली के विद्वान **डॉ.एल.पी. टेसीटोरी** द्वारा दी गई।

कालीबंगा का नगर नियोजन

- कालीबंगा एक विकसित नगरीय सभ्यता थी। यहाँ का नगर सुव्यवस्थित योजनानुसार बसा हुआ था। यह पश्चिमी और पूर्वी दो टीलों पर बसा हुआ था। कालीबंगा में दुर्ग व नगर क्षेत्र दोनों अलग-अलग रक्षा प्राचीर से घिरे हुए थे।



- कालीबंगा की सड़कें पाँच से साढ़े पाँच मीटर चौड़ी थी एवं समकोण पर कटती थीं। सड़कों के किनारे गलियाँ निकली हुई थी; जिन पर आवासीय भवन बने हुए थे।
- मोहनजोदड़ो, हड़प्पा आदि के विपरीत कालीबंगा के घर **कच्ची ईंटों** (धूप मे सुखाई हुई) के बने हैं। कमरो एवं फर्श को चिकनी मिट्टी से लीपा जाता था। लगभग सभी घरों में अपने-अपने कुएँ थे।
- कालीबंगा से सेलखड़ी की मुहरें एवं मिट्टी की मुहरें मिली हैं। जिन पर हड़प्पाकालीन लिपि के समान अक्षर मिले हैं किन्तु इसे अभी तक पढ़ा नहीं जा सका है।

- कालीबंगा में शवों की अंत्येष्टि की तीनों विधियों के प्रमाण मिले हैं-
  (i) पूर्ण समाधिकरण (Complete Burial)
  (ii) आंशिक समाधिकरण (Partial Burial)
  (iii) दाह-कर्म (Cremation)

कालीबंगा से मिले महत्त्वपूर्ण साक्ष्य

- कालीबंगा से प्राप्त पूर्व हड़प्पाकालीन **'जुते हुए खेत'** (हल के निशान) के साक्ष्य संसार में प्राचीनतम हैं।
- हवन वेदियाँ (अग्निकुण्ड)।
- कालीबंगा से **'बेलनाकार मुहर'** के साक्ष्य मिलते हैं, जो समकालीन मेसोपाटामियाँ की सभ्यता में प्रचलित थी।

- एक युगल समाधि एवं प्रतीकात्मक समाधि के प्रमाण।
- फर्श में **अलंकृत ईंटों** का प्रयोग।
- **पूरा हाथीदाँत** केवल कालीबंगा से मिला है।
- मिट्टी की काले रंग की चुड़ियाँ, जिसे पंजाबी भाषा में बंगा जाता है।
- भूकम्प के प्राचीनतम साक्ष्य।
- कालीबंगा से **खोपड़ी की शल्य चिकित्सा** के प्रमाण मिले हैं। (ऐसे प्रमाण लोथल (गुजरात) से भी मिले हैं।)
- यहाँ लकड़ी से बनी नालियों के अवशेष मिले हैं, जो अन्यत्र नहीं पाए जाते हैं।
- कालीबंगा से मातृदेवी की कोई मूर्ति नहीं मिली है, जबकि लगभग सभी सैन्धव नगरों में ऐसी मूर्तियाँ प्राप्त हुई हैं।
- **ईंटों से निर्मित चबूतरे**, ऊँट की अस्थियाँ, ताँबे की वृषभमूर्ति, खिलौना गाड़ी, ताँबे से बने औजार, कब्रगाह, **एक साथ दो फसलें** उगाने के साक्ष्य आदि कालीबंगा से प्राप्त अन्य महत्त्वपूर्ण साक्ष्य हैं।

आहड़ की सभ्यता (उदयपुर)

- यह उदयपुर शहर के पास बहने वाली आयड़ नदी (बेड़च) के किनारे स्थित ताम्रपाषाणिक सभ्यता है, जो दक्षिणी-पश्चिमी राजस्थान में सभ्यता का महत्त्वपूर्ण केन्द्र थी।
- डॉ. गोपीनाथ शर्मा के अनुसार यह सभ्यता 1900 ई.पू.- 1200 ई. पू. की है। आहड़ के उत्खननों से चार हजार वर्ष पुरानी पाषाण धातुयुगीन सभ्यता के अवशेष सामने आए हैं।
- आहड़ सभ्यता की खोज 1953 ई. में **अक्षय कीर्ति व्यास** द्वारा की गई तथा इसका व्यापक स्तर पर उत्खनन क्रमशः **रतन चन्द्र अग्रवाल** एवं **एच.डी. सांकलिया** के निर्देशन में हुआ।
- आहड़ नदी बनास सभ्यता का हिस्सा थी, इसलिए इसे **बनास संस्कृति** भी कहते हैं।

- यह सभ्यता एक टीले के नीचे दबी हुई थी, जिसे धूलकोट (धूल यानि मिट्टी का टीला) कहते हैं। इस सभ्यता के अन्य नाम ताम्रवती नगरी, आघाटपुर एवं धूलकोट हैं।
- आहड़ के उत्खनन में यहाँ बस्तियों के **आठ स्तर** मिले हैं।
- इस सभ्यता के लोग मकान बनाने में **धूप में सुखाई गई ईंटों** एवं पत्थरों का प्रयोग करते थे। मकानों से जल निकासी हेतु नालियों के प्रमाण भी आहड़ से मिले है।
- आहड़ के लोग मृतकों के साथ आभूषणों को दफनाते थे, जो इनके 'मृत्यु के बाद भी जीवन की अवधारणा का समर्थक होने की पुष्टि करता है।
- यहाँ के उत्खनन में मिट्टी के बर्तन सर्वाधिक मिले हैं, जो आहड़ को **'लाल-काले मिट्टी के बर्तन वाली संस्कृति'** का प्रमुख केन्द्र सिद्ध करते हैं।
- उत्खनन से प्राप्त ठप्पों से यहाँ **रंगाई-छपाई व्यवसाय** के उन्नत होने का अनुमान भी लगाया जाता है।
- मकानों में एक से अधिक चूल्हें मिलना, आहड़ में **संयुक्त परिवार प्रथा** की विद्यमानता को प्रकट करता है।



- आहड़ का दूसरा नाम **'ताम्रवती नगरी'** यहाँ ताँबे के औजारों एवं उपकरणों के अधिक प्रयोग के कारण रखा गया है।

- इसी समय एक मुस्लिम ज्योतिषी '**मुहम्मद शरीफ**' ने भविष्यवाणी की कि- ''मंगल का तारा पश्चिम में है, इसलिए पूर्व से लड़ने वाले पराजित होंगे।''
- इस भविष्यवाणी को सुनकर बाबर ने जहाँ एक ओर युद्ध की तैयारी जारी रखी, वहीं दूसरी ओर रायसेन के सरदार '**सलहदी तंवर**' के माध्यम से सुलह की बात भी चलाई किन्तु महाराणा के सरदारों को सलहदी की मध्यस्थता पसंद नहीं आई।

खानवा का युद्ध (1527 ई.)

- कविराज श्यामलदास कृत '**वीर विनोद**' के अनुसार 16 मार्च 1527 ई.की सुबह खानवा के मैदान (भरतपुर) में बाबर व सांगा के मध्य यह ऐतिहासिक युद्ध हुआ। (कुछ स्त्रोतों में यह तिथि 17 मार्च भी मिलती है। लेकिन कालूराम शर्मा व अधिकांश इतिहासकारों ने 16 मार्च ही माना है।)
- इस युद्ध में सांगा के घायल होने पर '**झाला अज्जा**' ने छत्र धारण कर युद्ध लड़ा, किन्तु राजपूतों को पराजय का सामना करना पड़ा।
- विजय के बाद बाबर ने '**गाजी**' की पदवी धारण की और विजय चिह्न के रूप में राजपूत सैनिकों के सिरों की एक मीनार बनाई।



Note :– खानवा के युद्ध में महाराणा सांगा का सेनापति **हसन खाँ मेवाती** था।

खानवा के युद्ध में सांगा की पराजय के कारण

- बयाना विजय के तुरन्त बाद ही युद्ध न करके बाबर को तैयारी करने का पूरा समय देना।
- राजपूतों की परम्परागत युद्ध तकनीक एवं हथियार।
- बाबर का तोपखाना एवं तुलुगनुमा पद्धति युद्ध में निर्णायक रहे, जिन्होंने सूर्यास्त तक राजपूतों को पराजित कर दिया।
- महाराणा सांगा के घायल होकर रणक्षेत्र से बाहर चले जाने पर सेना का मनोबल कमजोर हुआ।
- राजपूतों में आदेश की एकता का अभाव क्योंकि सम्पूर्ण सेना अलग-अलग सरदारों के नेतृत्व में एकत्रित हुई थी।

Note :– खानवा के युद्ध के बाद राजपूतों की सर्वोच्चता का अंत हुआ और भारतवर्ष में मुगल साम्राज्य स्थापित हो गया।

- महाराणा सांगा को '**इरिच**' नामक स्थान पर उसके युद्ध विरोधी सरदारों ने जहर दे दिया, क्योंकि होश में आने के बाद वह बाबर से पराजय का बदला लेने चंदेरी जा रहा था।
- विष का प्रभाव होने पर **30 जनवरी 1528 ई.** को **कालपी** नामक स्थान पर मात्र 46 वर्ष की आयु में सांगा का देहांत हो गया।
- अमरकाव्य वंशावली के अनुसार सांगा का अंतिम संस्कार माण्डलगढ़ में किया गया।
- खानवा के युद्ध तक सांगा के शरीर पर कम से कम 80 घावों के निशान थे, जो उसे '**एक सैनिक का भग्नावशेष**' सिद्ध कर रहे थे।
- सांगा अंतिम नरेश था, जिसके नेतृत्व में लगभग सभी राजपूत राजा बाबर को हराने हेतु एक ध्वज के नीचे इकट्ठे हुए थे।
- स्वयं बाबर ने भी सांगा की प्रशंसा में लिखा है कि- ''राणा सांगा अपनी बहादुरी और तलवार के बल पर बहुत बड़ा हो गया था। मालवा, दिल्ली और गुजरात का कोई अकेला सुल्तान उसे हराने में असमर्थ था।''

Note :– मालवा के महमूद खिलजी को गिरफ्तार करने की खुशी में सांगा ने **चारण हरिदास** को चित्तौड़ का सम्पूर्ण राज्य दे दिया था, किन्तु हरिदास ने संपूर्ण राज्य न लेकर 12 गाँवों में ही अपनी खुशी प्रकट की।

महाराणा प्रताप व मुगल

- महाराणा प्रताप का जन्म विक्रम संवत् 1597, ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया **(9 मई 1540 ई.)** को कुम्भलगढ़ के दुर्ग में हुआ। प्रताप **महाराणा उदय सिंह** के पुत्र थे। इनकी माता का नाम **जैवन्ता बाई** था। इनके बचपन का नाम **कीका** था।

महाराणा प्रताप

- उदयसिंह की अन्य रानी धीरकंवर ने अपने पुत्र जगमाल को मेवाड़ की गद्दी पर बैठाने के लिए उदयसिंह को राजी कर लिया इसलिए उदयसिंह के बाद





II. चरण, संयुक्त राजस्थान (पूर्व राजस्थान संघ), 25 मार्च 1948

- इस चरण में 9 रियासतों व 1 ठिकाना को मिलाकर संयुक्त राजस्थान संघ बनाया गया। ये रियासतें बाँसवाड़ा-डूँगरपुर-प्रतापगढ़, कोटा-बूँदी-झालावाड़, टोंक-किशनगढ़-शाहपुरा एवं कुशलगढ़ (ठिकाना) थी।
- इस संघ की आबादी 23.5 लाख एवं वार्षिक आय 1.90 करोड रुपये थी।
- मेवाड़ के महाराणा भूपालसिंह एवं दीवान एस.वी.राममूर्ति ने इस संघ में शामिल होने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था।
- प्रस्तावित संयुक्त राजस्थान में कोटा सबसे बड़ी रियासत थी, अतः कोटा के महाराव **भीमसिंह को राजप्रमुख** का पद दिया गया।
- कुलीय परम्परा में बूँदी के महाराव बहादुर सिंह का स्थान कोटा से ऊँचा था, इसलिए उन्होंने भीमसिंह को राजप्रमुख बनाए जाने का विरोध किया। बाद में बूँदी महाराव का सम्मान बनाए रखने के लिए उन्हें **उप-राजप्रमुख** बनाया गया।
- बाँसवाड़ा के महारावल चन्द्रवीर सिंह ने विलय-पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए कहा-**''मैं अपने डेथ वारन्ट पर हस्ताक्षर कर रहा हूँ।''**
- 25 मार्च 1948 ई. को **एन. वी. गाड़गिल** द्वारा संयुक्त राजस्थान का विधिवत् उद्घाटन किया गया।
- श्री **गोकुललाल असावा** को इस संघ का प्रधानमंत्री बनाया गया।

Note :- मेवाड़ प्रजामण्डल के प्रमुख नेता एवं संविधान निर्मात्री समिति के सदस्य **'माणिक्यलाल वर्मा'** ने मेवाड़ द्वारा संघ में शामिल नहीं होने का विरोध करते हुए कहा कि- ''मेवाड़ की 20 लाख जनता के भाग्य का फैसला अकेले महाराणा साहब और उनके प्रधान राममूर्ति नहीं कर सकते।

III. चरणः संयुक्त राजस्थान (राजस्थान संघ) में मेवाड़ का विलय (18 अप्रैल 1948)

- संयुक्त राजस्थान में विलय के लिए मेवाड़ रियासत पर प्रजामंडल के नेताओं एवं जनता ने दबाव बनाया। अतः मेवाड़ के दीवान सर राममूर्ति ने विलय के लिए भारत सरकार के समक्ष महाराणा की ओर से तीन मांगे रखी -
  - (i) महाराणा को संयुक्त राजस्थान का वंशानुगत राजप्रमुख बनाया जाए।
  - (ii) महाराणा को 20 लाख रु. **प्रिवी-पर्स** दिया जाए।
  - (iii) उदयपुर को संयुक्त राजस्थान की राजधानी बनाया जाए।
- इनमें 20 लाख प्रिवी-पर्स को छोड़कर शेष मांगे मान ली गई। प्रिवी-पर्स केवल 10 लाख ही रखा गया, किन्तु वार्षिक अनुदान के रूप में 5 लाख रुपये एवं धार्मिक अनुष्ठान हेतु 5 लाख रुपये स्वीकृत किए गए।
- 11 अप्रैल 1948 ई. को मेवाड़ ने विलय-पत्र पर हस्ताक्षर किए।
- इस संघ का उद्घाटन **पं. जवाहरलाल नेहरू** ने **18 अप्रैल 1948** को उदयपुर में किया।
- मेवाड़ महाराणा भूपालसिंह राजप्रमुख, कोटा के महाराज वरिष्ठ उप-राजप्रमुख तथा बूँदी व डूँगरपुर के शासक कनिष्ठ उप-राजप्रमुख घोषित किए गए।

- परबतसर (नागौर) का तेजाजी पशु मेला राजस्थान का सबसे बड़ा पशुमेला है, जो प्रतिवर्ष तेजा दशमी (भाद्रपद शुक्ल दशमी) को लगता है।
- राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजाजी के अश्वावरोही मूर्ति युक्त चबूतरे (थान) बने हुए है।
- बाँसी दुगारी (बूँदी) तेजाजी की कर्मस्थली रहा है। यहाँ पर विशाल सरोवर के किनारे तेजाजी का पवित्र तीर्थ स्थान है।

5. वीर कल्लाजी

- वीर कल्लाजी राठौड़ का जन्म मेड़ता के निकट सामियाना (नागौर) के राव अचलसिंह के पुत्र के रूप में हुआ। ये भक्तिमति मीराँबाई के भतीजे थे।
- कल्लाजी जयमल को कंधे पर बिठाकर अकबर की सेना के विरुद्ध युद्ध लड़ते हुए 1567-68 ई. में चित्तौड़गढ़ में वीर गति को प्राप्त हुए और चार हाथों वाले देवता कहलाये।
- चित्तौड़ दुर्ग के भैंरोपोल में इनकी छतरी बनी हुई है तथा रनेला (चित्तौड़गढ़) इनका प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है।
- बाँसवाड़ा व चित्तौड़ में इनकी मान्यता अधिक है। डूँगरपुर जिले में सामलिया गाँव भी इनका प्रमुख तीर्थ स्थल है।
- कल्लाजी नागणेची माता के भक्त एवं चमत्कारिक योगी और सिद्ध वैद्य थे।
- उपनाम–शेषनाग का अवतार, योगी, कमधज, चार हाथों वाले देवता केहर, कल्याण।

6. देवनारायणजी



- गुर्जर समाज एवं आमजन के आराध्य देवनारायणजी का जन्म 1243 ई. में भीलवाड़ा जिले की आसीन्द तहसील के गोठां दड़ावता गाँव के निकट मालासेरी डूँगरी में हुआ।
- इनके पिता नागवंशीय गुर्जर सवाई भोज बगड़ावत, माता सेदू खटाणी और पत्नी पीपलदे परमार धारानगरी की निवासी थी।
- देवजी के बचपन का नाम उदयसिंह (ऊदल) था। इनके घोड़े का नाम लीलागर था।
- राजस्थान में देवनारायणजी के पाँच प्रमुख देवरे हैं- (i) गोठां दड़ावता (आसीन्द, भीलवाड़ा), (ii) देवीधाम जोधपुरिया (निवाई, टोंक), (iii) देवमाली (अजमेर) (iv) देवडूँगरी (चित्तौड़गढ़) (v) पिचियाक (जोधपुर) इनमें से प्रथम चार को देवजी के चार धाम माना जाता है।
- देवजी के देवरों (पूजास्थल) में सामान्यतः इनकी प्रतिमा की जगह एक बड़ी ईंट की पूजा होती है।
- देवनारायणजी की फड़ सबसे प्राचीन एवं सबसे लम्बी चित्रित फड़ माना जाती है। इसका वाचन जन्तर वाद्ययंत्र के साथ गुर्जर भोपे करते हैं। 1992 ई. में इस फड़ पर भारत सरकार द्वारा डाक टिकट जारी किया गया था।

7. हड़बूजी

- हड़बूजी, मेहाजी सांखला के पुत्र थे और बालीनाथ इनके गुरु थे।
- ये रामदेवजी के मौसेरे भाई थे, रामदेवजी ने 24 वाणियों में इनका उल्लेख करते हुए कहा है–''हड़बूजी सांखला हरदम हाजिर गांव बेंगटी माही, दूजी देह म्हारी ही ज्याणज्यों हाँ मासी जाया भाई।''
- बेंगटी गाँव (फलौदी, जोधपुर) हड़बूजी का प्रधान स्थान है, यहाँ पर 'हड़बूजी की गाड़ी' की पूजा होती है। इसी बैलगाड़ी में वे विकलांग गायों के लिए चारा लाते थे।
- हड़बूजी शकुनशास्त्र के ज्ञाता माने जाते है। इनका वाहन सियार है।

8. मेहाजी

- मेहाजी मांगलिया राजस्थान के पाँच पीरों में शामिल हैं।
- मेहाजी का प्रमुख थान बापिणी गाँव (जोधपुर) में है, जहाँ प्रतिवर्ष भाद्रप्रद कृष्ण अष्टमी (जन्माष्टमी) को मेला भरता है।
- इनके प्रिय घोड़े का नाम किरड़–काबरा था।

9. मल्लीनाथजी

- रावल मल्लीनाथजी मालाणी के शासक राव सलखा राठौड़ के पुत्र थे, इनकी माता जाणी दे और पत्नी भक्तिमति रानी रूपां दे थी।
- बाड़मेर जिले के मालाणी क्षेत्र का नामकरण इनके नाम पर हुआ है।
- इन्होंने युद्ध में फिरोज तुगलक के सूबेदार निजामुद्दीन की तेरह सैन्य टुकड़ियों को हराया था।
- मल्लीनाथजी का प्रमुख मंदिर बाड़मेर जिले में बालोतरा के निकट तिलवाड़ा गाँव में स्थित है। यहाँ पर प्रतिवर्ष चैत्र माह में 'मल्लीनाथ पशु मेला' भरता है जिसका प्रारम्भ 1374 ई. में हुआ।

10. तल्लीनाथजी

- तल्लीनाथजी का मूल नाम गोगादेव राठौड़ था, वे शेरगढ़ क्षेत्र में शेखाला ठिकाने (जोधपुर) के शासक थे, गुरु जालंधरनाथ से नाथ पंथ में दीक्षा लेकर तल्लीनाथ कहलाये।

- यहाँ की चित्रकला को कलाविद् भारतीय कला के इतिहास में **'लघु आश्चर्य'** की संज्ञा देते है।
- इस शैली को प्रकाश में लाने का श्रेय **एरिक डिकिन्सन** व **फैयाज अली** को है।
- राजा सावंतसिंह का काल (1748-1764 ई.) किशनगढ़ शैली का स्वर्णयुग माना जाता है। सावंतसिंह **नागरीदास** के उपनाम से प्रसिद्ध थे।
- सावंतसिंह स्वयं एक अच्छा चित्रकार था। उसके दरबारी चित्रकार **मोरध्वज निहालचंद** ने 'बणी-ठणी' (नागरीदास की प्रेमिका) का चित्रांकन कर किशनगढ़ शैली को सर्वोच्च स्थान पर पहुँचा दिया।



चित्र : बणी-ठणी

- निहालचंद ने बणी-ठणी को राधा के रूप में चित्रित किया है।
- बणी-ठणी को एरिक डिकिन्सन ने भारत की मोनालिसा कहा है।

Note :- भारत सरकार द्वारा **1973** ई. में बणी-ठणी पर डाक टिकट जारी किया गया था।

- **'चाँदनी रात की संगीत गोष्ठी'** अमरचन्द द्वारा चित्रित किशनगढ़ शैली का दूसरा प्रसिद्ध चित्र है।
- नानकराम, सीताराम, सूरध्वज, मूलराज, मोरध्वज निहालचंद, बदनसिंह, रामनाथ, सवाईराम, लालड़ीदास आदि किशनगढ़ शैली के उल्लेखनीय चित्रकार हैं।
- **विशेषताएँ-**
  - **पुरुषाकृति**- लंबा इकहरा नील छवियुक्त शरीर, उन्नत ललाट, मोती जड़ित श्वेत या मूँगिया पगड़ी, **खंजनाकृत नयन**।
  - **स्त्री आकृति**- तन्वंगी, लंबी, गौरवर्ण, नुकीली चिबुक, सुराहीदार गर्दन, पतली कमर, **लम्बी कमल पंखुडी-सी आँखे।**
  - **प्रकृति चित्रण**- दूर-दूर तक फैली झील, उसमें कलरव करते हंस, बतख, सारस, तैरती नौकाएँ, रंग-बिरंगे उपवन।
  - चाँदनी रात में राधा-कृष्ण की केलि-क्रीडाएँ तथा प्रातः कालीन व संध्याकालीन **बादलों का सिन्दूरी चित्रण** किशनगढ़ शैली की निजी विशेषताएँ हैं।
  - **रंग**- सफेद, गुलाबी, सलेटी, सिन्दूरी, नारंगी।

अजमेर शैली

- अजमेर शैली के विकास में **भिनाय, सावर, मसूदा**, जूनियाँ आदि ठिकानों की चित्रण परम्परा ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।
- अजमेर शहर में जहाँ इस शैली पर दरबारी व सामंती प्रभाव रहा, वहीं गाँवों में लोक संस्कृति व ठिकाणों में राजपूत संस्कृति का वर्चस्व बना रहा।
- जूनियाँ ठिकाने का **'चाँद'**, सावर का तैयब, नाँद का रामसिंह भाटी, खरवा का जालजी एवं नारायण भाटी, मसूदा से माधोजी व राम, अजमेर का **अल्लाबख्स** आदि इस शैली के प्रमुख चित्रकार थे।
- **उस्ना** व **साहिबा** अजमेर शैली की स्त्री चित्रकार थीं।
- जूनियाँ के चाँद द्वारा अंकित **'राजा पाबूजी'** का चित्र (1698 ई.), इस शैली का सुन्दर उदाहरण है।

Note :- केवल अजमेर शैली ही ऐसी कलम रही जहाँ **हिन्दू, मुस्लिम** और **ईसाई** तीनों धर्मों की विशेषताओं को समान प्रश्रय दिया गया।

नागौर शैली

- नागौर उपशैली में लकड़ी के कंवाड़ों एवं किलों के भित्ती चित्रण पर मारवाड़ शैली का प्रभाव है।
- **'वृद्धावस्था'** के चित्र, **बुझे हुए रंगों का प्रयोग** एवं **पारदर्शी** वेशभूषा नागौर शैली की अपनी विशेषता है।

जैसलमेर शैली

- **'मूमल'** जैसलमेर शैली का प्रमुख चित्र है।
- जैसलमेर शैली **एकदम स्थानीय शैली** है। इस पर मुगल या जोधपुर शैली का प्रभाव नहीं है।
- जैसलमेर में **'जिनभद्र सूरि पुस्तकालय'** में प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों का संरक्षण किया गया है।

हाड़ौती स्कूल

चौहानवंशी **हाड़ा** राजाओं के अधिकार में रहने के कारण बूँदी-कोटा- झालावाड़ का क्षेत्र हाड़ौती कहलाया।

बूँदी शैली

- यह शैली मेवाड़ चित्रकला से प्रभावित थी।
- बूँदी के राव सुर्जन सिंह के काल में यह शैली मुगल चित्रकला के प्रभाव में आयी।
- बूँदी के रत्नसिंह के चित्रकला प्रेम के कारण ही जहाँगीर ने उसे **'सर बुलन्द राय'** की पदवी प्रदान की।
- राव शत्रुशाल (छत्रसाल) हाड़ा के काल में इस शैली का विशेष विकास हुआ। छत्रसाल ने प्रसिद्ध **'रंगमहल'** बनवाया, जो सुन्दर भित्ति चित्रों के लिए विश्व प्रसिद्ध है।
- अनिरूद्ध सिंह द्वारा दक्षिण भारत के युद्धों में भाग लेने के कारण बूँदी शैली में **दक्षिणी शैली** का प्रभाव समाविष्ट हुआ।

18 राजस्थान के लोक संगीत एवं नृत्य [Folk Music and Dance of Rajasthan]



राजस्थान में लोक संगीत

- जनसाधारण के स्वाभाविक उद्‌गारों का प्रतिबिम्ब ही लोक संगीत है। लोक संगीत का मूल आधार लोक गीत हैं, जिन्हें विभिन्न उत्सवों व अनुष्ठानों में सामूहिक रूप से गाया जाता है।
- गाँधीजी के शब्दों में **''लोक गीत ही जनता की भाषा है, लोक गीत हमारी संस्कृति के पहरेदार हैं।''**
- रविन्द्रनाथ टैगोर ने लोक गीतों को ''संस्कृति का सुखद संदेश ले जाने वाली कला'' कहा है।
- **स्टैंडर्ड डिक्शनरी ऑफ फोकलोर माइथोलॉजी एंड लेजेण्ड** में लोकगीत को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि- ''लोक गीत उस जनसमूह की संगीतमयी काव्य रचनाएँ हैं, जिसका साहित्य लेखनी अथवा छपाई से नहीं वरन् मौखिक परम्परा से अविरत संबद्ध रहता है।''
- शास्त्रीय संगीत का संबंध जहाँ बौद्धिकता में है, वहीं लोक गीत सीधे मानवीय भावनाओं से संबंधित होते हैं।
- राजस्थान के लोक संगीत को तीन भागों में बाँटा जा सकता है-

जन सामान्य के लोक गीत

जन-साधारण द्वारा गाए जाने वाले गीतों को पाँच भागों में बाँटा जा सकता है-

(1) संस्कार संबंधी गीत

इसके अन्तर्गत जन्म, विवाह आदि संस्कारों से संबंधित गीत गाये जाते हैं, जैसे जच्चा, सगाई, बना-बनी, बधावा, चाक-भात, मायरा, हल्दी, हथलेवा, जला आदि।

जच्चा

- शिशु के जन्म के अवसर पर गाये जाने वाले गीत। इनमें सामान्यतः गर्भिणी की प्रशंसा, वंशवृद्धि और शिशु के लिए मंगलकामना की जाती है। जैसे- **''होलर जाया ने हुई छै बधाई, थे म्हारा वंश बढ़ायो रे अलबेली जच्चा''**

- काकड़ वेल मतीरा पाक्या टींडसियाँ का टोरा लाग्या, राजाजी राजाजी खोलो कुँवाड़। (छोटे बच्चों का)
- मछली मंछली कितणो पाणी ? हाँ मियाजी इतणो पाणी। (छोटे बच्चों का)
- टम्पो घोड़ी फूल गुलाब रो, म्हारा महैलां पाछे कूण है ?

व्यवसायिक जातियों के लोक गीत

- राजस्थान में कई जातियों ने संगीत को व्यवसाय के रूप में अपनाया है। इनमें ढोली, मिरासी, लंगा, ढाढ़ी, कलावन्त, भाट, राव, जोगी, कामड़, वैरागी, गन्धर्व, भोपे, भवाई, राना, कालबेलिया, कथिक आदि शामिल हैं।
- इनके गीतों में माँड़, देस, सोरठ, मारु, परज, कालिंगड़ा, जोगिया, आसावरी, बिलावल, पीलू, खमाज आदि रागों की छाया प्रतिबिम्बित होती है।

लंगा गायिकी

- पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर और बीकानेर जिलों में मांगलिक उत्सवों पर लंगा जाति अपनी विशिष्ट लोकगायन शैली के कारण अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक ख्याति प्राप्त कर चुके हैं।
- बाड़मेर का **'बड़वाणा गाँव'** लंगों का गाँव कहलाता है।
- ये कामायचा व सारंगी वाद्य यंत्रो का प्रयोग करते हैं।
- फूसे खाँ, महरदीन खाँ, अल्लादीन खाँ, करीम खाँ लंगा आदि प्रसिद्ध कलाकार हैं।
- लंगाओं का प्रसिद्ध गीत **'नीबूड़ा'** इनकी पहचान बन गया है।

माँड गायिकी

- माँड गायिकी की उत्पत्ति जैसलमेर क्षेत्र में हुई, बाद में यह विभिन्न क्षेत्रों में पल्लवित हुई। जैसे-जैसलमेर, उदयपुर, जोधपुर, जयपुर व बीकानेर की माँड।
- बीकानेर की सुविख्यात माँड गायिका पद्म श्री 'अल्लाह जिलाई बाई' का 'केसरिया बालम आवो नी पधारो म्हारे देश' पर्यटकों को खुला निमंत्रण है।

अल्लाह जिलाई बाई का संक्षिप्त परिचय

- जन्म 1902 बीकानेर
- मरु कोकिला नाम से प्रसिद्ध
- इन्होंने हुसैनबक्श लंगड़े से मांड गायिकी सीखी।
- 1982 में पद्म श्री से सम्मानित
- 1983 में बी.बी.सी. लंदन द्वारा कोर्ट सिंगर का अवॉर्ड
- 2003 में भारत सरकार द्वारा इनकी स्मृति में ₹ 5 का डाक टिकट जारी।

- राजस्थान की प्रसिद्ध माँड गायिकाएँ
  - गवरी देवी – बीकानेर
  - गवरी बाई – पाली
  - मांगी बाई – उदयपुर
  - बन्नो बेगम – जयपुर
  - जमीला बानो – जोधपुर

मांगणियार गायिकी

- बाड़मेर व जैसलमेर की मांगणियार जाति द्वारा विकसित।
- ये कामायचा व खड़ताल के साथ लोक गीत गाते हैं।
- सद्दीक खां, साकर खाँ (कामयचा वादक), गफूर खाँ, रूकमा देवी, रमजान खाँ, समन्दर खाँ आदि प्रमुख मांगणियार गायक हैं।
- सद्दीक खाँ मांगणियार को खड़ताल का जादूगर कहते है। सन् 2002 में इनकी स्मृति में ''सद्दीक खाँ मांगणियार लोक कला एवं अनुसंधान परिषद (लोकरंग), जयपुर'' की स्थापना की गई।

Note :- राजस्थान के पूर्वी अंचल (भरतपुर, धौलपुर क्षेत्र) में राग-रागनियों से संबंधित **'तालबंदी गायिकी'** दप्रसिद्ध है। इसमें हारमोनियम व तबला का प्रयोग किया जाता है।

राजस्थानी लोक संगीत की अन्य पेशेवर जातियाँ

क्र.सं.	जाति	विशेष विवरण
1.	कलावन्त	गायन/वादन में निपुण, अपना संबंध तानसेन से बताते हैं, अबुल-फजल के अनुसार ये ध्रुपद गायकी के डागर घराने से संबंधित हैं। सिरोही की **गंगा कलावंत** प्रसिद्ध लोक गायिका हैं।
2.	मिरासी	मारवाड़ क्षेत्र के मुस्लिम सारंगी वादक।
3.	ढोली	ढोल बजाने वाले कालाकार। इन्हें दमामी, जावड़ और नक्कारची नामों से भी जाना जाता है।
4.	राना	रणक्षेत्र में 'नगाड़ा' बजाने के कारण इन्हें राना कहा गया। ये जयपुर रियासत के ढोली होते थे।
5.	कामड़	रामदेव जी के भक्त, तेरहताली नृत्य में निपुण
6.	ढाढ़ी	हिन्दू व मुस्लिम दोनों धर्मों में ढाढ़ी यजमानों की वंशावली गाया करते थे।
7.	भाट	प्रायः सभी जातियों के अपने भाट होते हैं, ये अपने यजमानों की वंशावलियाँ लिखते हैं तथा उसका बखान करते हैं।
8.	रावल	मारवाड़ क्षेत्र की संगीतजीवी जाति, जिनकी रम्मते विख्यात है।
9.	जोगी	नाथपंथ के अनुयायी, इनका मुख्य वाद्य सारंगी व इकतारा है, ये गोपीचन्द, भर्तृहरि आदि की जीवनी गाकर अपनी आजीविका चलाते हैं।
10.	कालबेलिया	घुम्मकड़ पेशेवर जाति है, पुंगी इनका मुख्य वाद्य यंत्र है। कालबेलिया नृत्य इन्ही की देन है।
11.	भवाई	मेवाड़ क्षेत्र की संगीत व भवाई नृत्य की पेशेवर जाति है।

Note :- व्यवसायिक जातियों द्वारा युद्ध के समय गाये जाने वाले वीर रसात्मक गीत 'सिन्धु और मारू' रागों पर आधारित थे।

लेखक परिचय

महेन्द्र कुमार यादव
(RES)

वर्तमान में राजस्थान लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में भारत एवं राजस्थान का इतिहास, कला एवं संस्कृति विषय अत्यधिक महत्वपूर्ण है श्री महेन्द्र कुमार यादव को इस क्षेत्र में अध्ययन-अध्यापन का विशद अनुभव है।

आपने राजस्थान कॉलेज जयुपर से स्नातक किया है तथा इतिहास एवं संस्कृति विभाग (राजस्थान विश्वविद्यालय) से **M. A.** की डिग्री हासिल की है एवं राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (**NET**) उत्तीर्ण की है। साथ ही आपने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफसर श्री अजीत कुमार झा के मार्गदर्शन में इतिहास विषय का व्यापक अध्ययन किया है। **R.P.S.C.** द्वारा आयोजित प्राध्यापक भर्ती **2015** में आपका चयन व्याख्याता (इतिहास) के पद पर हुआ है।

पुस्तक के संदर्भ में

यह पुस्तक **R.P.S.C.** द्वारा आयोजित ग्रेड-1st प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती 2022 के प्रथम प्रश्न-पत्र के खण्ड-1 के 30 अंकों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है साथ ही समान पाठ्यक्रम आधारित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी समान रूप से उपयोगी हैं। पुस्तक के अन्तर्गत **R.B.S.E., N.C.E.R.T.**, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी एवं अन्य प्रमाणिक पुस्तकों के सभी परीक्षापयोगी तथ्यों को क्रमबद्ध रूप से समाहित किया गया है।



दक्ष प्रकाशन
(A Unit of College Book Centre)
A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)
फोन नं. 0141-2604302
Code No. D-614 | ₹ 300/-